दिनांकः 08.02.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- भारत और मलेशिया के बीच रक्षा–सुरक्षा और आर्थिक विषयों पर साझेदारी बढ़ाने पर सहमति–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों देशों के बीच संबंधों को ऐतिहासिक बताया।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने ग्राम उत्थान शिविरों को विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया – अलवर को 152 करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी।
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राज्य के आगामी बजट को आमजन की आकांक्षाओं के अनुरूप होने की उम्मीद जताई।
- मुकुन्दरा टाइगर रिजर्व में कोर ऐरिया में सफारी की अनुमति मिली।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कुआलालंपुर में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। वार्ता में दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंधों को बढ़ाने तथा आर्थिक और नवाचार साझेदारी पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इस दौरान दोनों पक्षों ने कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये। इनमें आपदा प्रबंधन, ऑडियो विजुअल प्रोडक्शन सेमीकंडक्टर विकास, स्वास्थ्य और औषधि समेत कई समझौते शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत तथा मलेशिया के बीच समुद्री सुरक्षा, रक्षा और आतंकवाद से मुकाबले से संबंधी सहयोग में विस्तार होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि समुद्री पड़ोसी होने के नाते भारत और मलेशिया के बीच एक विशेष संबंध है।

000

प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के एक सम्मेलन में भी भागीदारी की। इस सम्मेलन में निवेश अवसरों और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की गई। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने आसियान के प्रति भारत की वचनबद्धता को दोहराया और आसियान की अध्यक्षता पर मलेशिया को बधाई दी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए केन्द्र के साथ उनकी सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर और पशुपालकों सहित अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान शिविर लगाये जा रहे हैं। रामगढ़ के बहाला में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन शिविरों के जरिए सरकार, पात्र लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

000

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अलवर शहर को 152 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। कार्यक्रम में केन्द्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और सबका साथ, सबका विश्वास सुनिश्चित करते हुए विकसित राजस्थान का मार्ग तेजी से प्रशस्त हो रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने सुबह अन्तर्राष्ट्रीय टाइगर मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में भारत सहित आठ देशों के 18 हजार से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया।

000

प्रदेश में लगाये जा रहे ग्राम उत्थान शिविरों में आम ग्रामीणों के साथ किसानों को भी लाभ मिल रहा है। किसान परम्परागत खेती में बदलाव और नवाचार कर केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। अलवर के रामगढ बहाला में लगाये गये शिविर में प्रगतिशील किसानों ने आकाशवाणी से बातचीत में सरकार का आभार जताया।

000

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राज्य का आने वाला बजट आमजन की आकांक्षाओं की पूर्ति करेगा और इससे आम व्यक्ति का जीवन और बेहतर होगा। पाली में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत–अमरीका के बीच टैरिफ समझौते से किसानों का कल्याण होगा और देश का निर्यात बढ़ेगा। उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि ने भारत–अमरीका टैरिफ पर जनता को गुमराह कर रही है, जबकि इस समझौते से देश को लाभ पहुंचेगा।

000

कोटा से लगते मुकुन्दरा टाइगर रिजर्व में अब पर्यटक जल्द ही बाघों के दीदार कर सकेंगे। वन विभाग को कोर ऐरिया में सफारी की अनुमति मिल गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पर्यटकों को टाइगर रिजर्व के 35 किलोमीटर क्षेत्र में भ्रमण के लिए नये रूट तैयार किये गये हैं।

000

राजसमंद के नाथद्वारा स्थित श्रीनाथ जी मन्दिर में आज फागुन सप्तमी पर परम्पारिक रूप से पाटोत्सव मनाया गया। इस दौरान ठाकुर जी की गुलाल और अबीर से फाग खिलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तजनों ने रसिया गाकर एक दूसरे पर रंग डाला। इस मौके पर ठाकुर जी को केसर दूध का भोग अर्पित किया गया।

000

फागुन महीने के दिन चढने के साथ ही प्रदेशभर से तेज सर्दी का असर खत्म होने लगा है। बीते चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गया। पश्चिमी जिलों में दिन के समय धूप की तल्खी बढ़ने लगी है। वहीं पूर्वी–उत्तरी हिस्सों में भी सुबह–शाम की सर्दी रह गई है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, राज्य में अगले एक सप्ताह तक मौसम साफ रहेगा और तापमान में इसी तरह स्थिरता बनी रहने की संभावना है। इधर मौसम में बदलाव से मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। अस्पतालों में सर्दी, जुकाम और वायरल के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

000

युवाओं में शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने और खेलों के प्रति रूझान बढ़ाने के लिए पाली में आज से तीसरी जिला स्तरीय रोलर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता शुरू हुई। रोलर्स स्पोर्ट संगठन की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में इनलाइन स्केटिंग, आर्टिस्टिक, फ्रीस्टाइल सहित विभिन्न स्केटिंग्स स्पर्द्धाएं रखी जा रही हैं। प्रतियोगिता के जिला प्रभारी मोहम्मद आसिफ ने बताया कि रोलर स्केटिंग को लेकर युवाओं में जोश दिखाई दे रहा है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 फरवरी को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 131वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 20 फरवरी तक स्वीकार किए जाएंगे।

000

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आयकर अधिनियम, 2025 से संबंधित प्रस्तावित आयकर नियमों और प्रपत्रों पर हितधारकों से सुझाव मांगे हैं। आयकर अधिनियम–2025 को पिछले साल अगस्त में राष्ट्रपति ने मंजूरी दी थी। यह आगामी पहली अप्रैल से लागू होगा। वित्त मंत्रालय ने कहा कि अंतिम अधिसूचना से पहले प्रस्तावित आयकर नियम और फॉर्म आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। भाषा को सरल बनाने, मुकदमों को कम करने, अनुपालन बोझ कम करने और अनावश्यक तथा अप्रचलित नियमों और प्रपत्रों की पहचान करने के संबंध में सुझाव मांगे गए हैं।

000

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि हाल ही में पेश केन्द्रीय बजट निरंतरता, स्थिरता और सतत विकास को दर्शाता है।

शिमला में केंद्रीय बजट पर संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों से विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में लगातार कोशिश जारी है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के बाद भारत ने प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में विश्व अर्थव्यवस्था में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है। श्री शेखावत ने कहा कि कर राजस्व में राज्यों की हिस्सेदारी 31 प्रतिशत से बढ़ाकर 41 प्रतिशत कर दी गई है।

000